मैं नौकर मैया का

मैं नौकर मैया का तेरे दर पर आऊंगा
तेरी सेवा करके मां भव से तर जाऊंगा
मैं नौकर मैया का तेरे दर पे आऊंगा
तेरी सेवा करके मां भव से तर जाऊंगा

तेरे दर पर आते हैं राजा और रंक फकीर
तू पल में बदलताती है मां सब की ही तकदीर
में सोई किस्मत को तेरे दर पर जगाऊंगा 2
तेरी सेवा करके मां भव से तर जाऊंगा
मैं नौकर मैया का

मेरा कोई नहीं जग में मैंने तुमको पुकारा मां
मैं हार गया जग से बस अब दे दो सहारा मां
एक आस लगी मन में तेरे दर्शन पाऊंगा 2
तेरी सेवा करके मां भव से तर जाऊंगा
मैं नौकर मैया का

ऐसी कृपा करना तेरे दर पे आता रहूं
परिवार को लेकर मा तेरी धोक लगाता रहूं
तूं ममता की सागर तुझ में रम जाउंगा 2
तेरी सेवा करके मां भव से तर जाऊंगा
मैं नौकर मैया का तेरे दर पे आऊंगा
तेरी सेवा करके मां भव से तर जाऊंगा
मैं नौकर मैया का........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33939/title/main-noukar-maiya-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |